भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या - 2082**
उत्तर दिनांक 06/08/2026 को दिया गया

## परमाणु ऊर्जा उत्पादन

2082. श्रीमती लक्ष्मी वर्मा

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) देश में कितने परमाणु रिएक्टर हैं, उनकी वर्तमान बिजली उत्पादन की क्षमता कितनी है तथा उक्त क्षमता को बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं;

(ख) छत्तीसगढ की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के लिए इस राज्य में न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट लगाने की क्या योजना है; और

(ग) राज्य के राजनांदगांव तथा रायगढ़ जिलों में यूरेनियम के भंडार होने के संकेतों के दृष्टिगत उनके खनन के लिए कब तक कार्रवाई किए जाने की योजना है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) वर्तमान में, देश में 8780 मेगावाट की कुल स्थापित क्षमता के साथ 24 नाभिकीय विद्युत संयंत्र वाणिज्यिक रूप से प्रचालित हैं। सरकार ने वर्ष 2047 तक 100 गीगावाट नाभिकीय विद्युत उत्पादन क्षमता हासिल करने के उद्देश्य से नाभिकीय ऊर्जा मिशन (एनईएम) की घोषणा की है। सरकार ने देश में नाभिकीय ऊर्जा क्षमता संवर्धन के लिए सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की व्यापक भागीदारी को सक्षम करने के लिए शांति अधिनियम भी अधिनियमित किया है।

(ख) छत्तीसगढ़ राज्य में नाभिकीय विद्युत परियोजना स्थापित करने का एनपीसीआईएल के पास कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग) एएमडी ने छत्तीसगढ़ में बोडल और भंडारीटोला, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले (पूर्व राजनांदगांव जिले का हिस्सा) में यूरेनियम भंडार स्थापित किए हैं। इसके अलावा, यह सूचित किया जाता है कि एएमडी ने अब तक छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में कोई भी यूरेनियम भंडार स्थापित नहीं किया है।

*****